कुलसचिव कार्यालय
बाँदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय बाँदा-210001, उ०प्र०
Banda University of Agriculture & Technology, Banda-210001, U.P.
Tele Fax No:- 05192-232305 Ph-05192-232312; website: buat.edu.in email-registrar.buat@gmail.com

पत्रांकः 949/बीयूएटी/ कु0स0/2024 दिनांकः 09 /10/2024

सेवा में

समस्त उपाधि धारक छात्र/छात्राएं
कृषि/उद्यान/वानिकी एवं सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय
बाँदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बाँदा

मुझे यह सूचित करते हुए अत्यन्त हर्ष है कि बाँदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बाँदा में **''दशम् दीक्षान्त समारोह''** दिनांक **24 अक्टूबर, 2024, दिन गुरूवार** को विश्वविद्यालय प्रांगण में आयोजित किया जा रहा है। इस समारोह में स्नातक में कृषि, उद्यान, वानिकी एवं सामुदायिक विज्ञान संकायों के बैच 2020 व 2019, परास्नातक में कृषि, उद्यान एवं वानिकी संकायों के बैच 2022 एवं पी–एच0डी0 में कृषि एवं उद्यान संकायों के बैच 2020 व 2021 की उपाधियाँ उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को प्रदान की जायेंगी। अतः आपको इस दीक्षान्त समारोह में उपाधि प्राप्त करने हेतु आमन्त्रित किया जाता है। आशा है कि आप इस पुनीत सुअवसर पर अवश्य सहभागी होंगे।

इस सम्बन्ध में निम्नलिखित निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है:–

1. कृपया संलग्न प्रारूप पर अपना प्रार्थना पत्र सहभागिता की सहमति सहित दिनाँक, **18 अक्टूबर, 2024** तक कुलसचिव कार्यालय के ई–मेल registrar.buat@gmail.com व पत्र के माध्यम से अवश्य उपलब्ध करा दें।
2. दीक्षान्त समारोह से एक दिन पूर्व अर्थात् **23 अक्टूबर, 2024 दिन बुधवार** को प्रातः 10:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में स्वंय उपस्थित होकर उपाधि प्राप्त करेंगे।
3. दिनांक **23 अक्टूबर, 2024 दिन बुधवार प्रातः 11:30 बजे कुलसचिव कार्यालय** में उपस्थित होकर अनिवार्य रूप से उत्तरीय प्राप्त करेंगें तथा अपने पास सुरक्षित एवं सही रूप से रखेंगे। समारोह में भाग लेने के लिये उत्तरीय प्राप्त करना एवं उसे धारण करना अनिवार्य है। उत्तरीय के लिये रूपये 100/– (एक सौ रूपये मात्र) नकद प्रतिभूति के रूप में जमा करना होगा। दीक्षान्त समारोह समापन के बाद उसी दिन दिनांक **24 अक्टूबर, 2024 को अपरान्ह 3:00बजे** के बाद उत्तरीय वापस करने पर रूपये 50/– परिरक्षा शुल्क के रूप में निर्धारित कटौती करके शेष राशि आपको वापस कर दी जायेगी। आंशिक/पूर्णरूपेण नष्ट/खराब हो जाने की स्थिति में आप द्वारा जमा की गयी प्रतिभूति धनराशि अधिग्रहीत कर ली जायेगी।
4. दीक्षान्त समारोह की निर्धारित दिनांक **24 अक्टूबर, 2024** से एक दिन पूर्व अर्थात् दिनांकः **23 अक्टूबर, 2024, दिन बुधवार** को दीक्षान्त समारोह स्थल उद्यान महाविद्यालय में पूर्वाभ्यास होगा जिसमें डिग्री लेने वाले छात्र/छात्राओं की प्रतिभागिता अनिवार्य होगी।
5. उपाधि प्राप्त करने वाले छात्रों को पोशाक के रूप में सफेद फुल शर्ट, गहरे नीला रंग का (Dark Color) फुल पैंट, काला जूता एवं लाल/मैरून रंग की टाई (अनिवार्य रूप से), नैवी ब्लू रंग का फुल स्वेटर/ब्लैजर (कोट) एवं छात्राओं के लिए सफेद सूट, सफेद दुपट्टा के साथ (अनिवार्य रूप से), नैवी ब्लू ब्लेजर (कोट) के साथ/नैवी ब्लू कार्डिगन/ नैवी ब्लू स्वेटर पहन कर आयेगें/आयेगी। सम्पूर्ण दीक्षान्त समारोह कार्यक्रम के दौरान पूर्णतया अनुशासन में रहेंगे/रहेंगी।
6. दीक्षान्त समारोह के उपरान्त उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं के लिए दीक्षान्त समारोह में निःशुल्क लंच की व्यवस्था विश्वविद्यालय द्वारा की जायेगी।

संलग्नकः प्रारूप

09.10.2024
(एस0के0 सिंह)
कुलसचिव

प्रेषक

.... ID. No. ....

.... Programme ....

....

सेवा में,

कुलसचिव,
बाँदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय,
बाँदा–210001 (उ0प्र0)।

महोदय,

आपके पत्र संख्या /बीयूएटी/कु0स0/2024 दिनांकः ..../10/2024 के सन्दर्भ में निवेदन करना है कि मैं विश्वविद्यालय के दशम् दीक्षान्त समारोह (**24 अक्टूबर, 2024**) में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर उपाधि प्राप्त करूँगा। मैं निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक **23 अक्टूबर, 2024** को विश्वविद्यालय में उपस्थित हो जाऊँगा एवं पूर्वाभ्यास में भाग लेकर दीक्षान्त समारोह में उपस्थित रहूँगा।

1. छात्र का नामः–
   (हिन्दी में)..
   (अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में) ....

2. उपाधि जो प्राप्त करनी हैः–
   उपाधि .... वर्ष............................ (बैच)............................

दिनांकः ....

भवदीय

हस्ताक्षर ....

नामः ....

मो0 नं0 ....

पूर्ण पताः ....